सा विद्या या विमुक्तये
SCERT UK
# राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उत्तराखण्ड
# State Council of Educational Research and Training, Uttarakhand
Tapovan Road, Nalapani, Dehradun
Phone: 0135-2789655 Fax: 0135-2789656, Website: www.scert.uk.gov.in
E-mail: scertuk@gmail.com, scert_ua@rediffmail.com

सेवा में,

1. अपर निदेशक (मा0शि0 / प्रा0 शि0), गढ़वाल / कुमांऊ मण्डल, उत्तराखण्ड।
2. समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी, उत्तराखण्ड।
3. समस्त प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तराखण्ड।
4. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.शि. / मा.शि) उत्तराखण्ड।
5. उपायुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन उत्तराखण्ड
6. क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तराखण्ड, सी0बी0एस0ई0, देहरादून
7. उपायुक्त जवाहर नवोदय विद्यालय, उत्तराखण्ड।
8. अध्यक्ष, प्रोग्रेसिव पब्लिक स्कूल एसोशियेशन पैसलवीड स्कूल, देहरादून।

**पत्रांकः** पाठ्यक्रम / 8734-47 / पी0पी0सी0–2025 / 2024–25 दिनांक 16 दिसम्बर, 2024

**विषय : मा0 प्रधानमंत्री जी के संवाद कार्यकम परीक्षा पे चर्चा (PPC-2025) विषयक ।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सचिव, स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के संलग्न अर्द्धशासकीय पत्र संख्याः D.O.No.2-5/2024-PPC दिनांक 14 दिसम्बर 2024 के माध्यम से निर्देशित किया गया है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के साथ 'परीक्षा पे चर्चा– 2025' कार्यक्रम के अन्तर्गत जनवरी 2025 में भारत मंडपम, नई दिल्ली में टाउन–हॉल प्रारूप के द्वारा सीधे संवाद स्थापित किया जाना है। यह प्रतियोगिता एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा हम छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को माननीय प्रधानमंत्री जी से अपने प्रश्न पूछने के लिए आमंत्रित करते हैं। इन प्रश्नों में से NCERT नई दिल्ली द्वारा चुने गए चुनिंदा प्रश्न कार्यक्रम में शामिल किए जा सकते हैं। परीक्षा पे चर्चा के पिछले संस्करणों में प्रश्न पूछने वाले प्रतिभागियों को विभिन्न मीडिया चैनलों द्वारा अपने कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाता है। इसी तरह, इस वर्ष भी चुने हुए कुछ लोगों को मीडिया से बातचीत करने का अवसर मिल सकता है। कार्यक्रम का सफल संचालन निम्न बिन्दुओं के अन्तर्गत किया जाना है–

1. परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के अन्तर्गत इस वर्ष परीक्षा पे चर्चा में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का चयन करने के लिए, 14 दिसंबर, 2024 से 14 जनवरी 2025 तक https://innovateindia1.mygov.in/ पर कक्षा 6 से 12 तक पढ़ने वाले बच्चों, उनके अभिभावकों व शिक्षकों के लिए एक ऑनलाइन बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ) प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसके अन्तर्गत सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।
2. प्रतियोगिता में राज्य के सभी बोर्डों से सम्बन्धित यथा– विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर नैनीताल, संस्कृत शिक्षा बोर्ड, मदरसा बोर्ड, सी0बी0एस0ई0, आई0सी0एस0ई0, जवाहर नवोदय विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालयों एवं अन्य बोर्डों में कक्षा–9 से 12 तक अध्ययनरत् छात्र / छात्रायें, उनके अभिभावक एवं शिक्षक प्रतिभाग कर सकते हैं।
3. भारत सरकार द्वारा अपेक्षा की गयी है कि राज्य से कक्षा 6–12 तक नामांकित विद्यार्थियों में से न्यूनतम 25% विद्यार्थी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।
4. भारत सरकार के स्तर से उत्तराखण्ड राज्य से चयनित 22 छात्रों / शिक्षकों / अभिभावकों का कोटा निर्धारित किया गया है। तथा निम्न विवरणानुसार प्रस्तुतीकरण होना अनिवार्य है।

| S.No. | Particular | Limit |
|---|---|---|
| 1 | Students | Not less than 80% of ths allocated quota |
| 2 | Teachers | Not less than 10% of ths allocated quota |
| 3 | Parents | Not less than 10% of ths allocated quota |

Scanned by CamScanner

**कार्यक्रम विषयक अन्य महत्वपूर्ण दिशा निर्देश–**

1. समस्त अधिकारीगण अधीनस्थ स्तर पर विद्यालयों में छात्रों/शिक्षकों/अभिभावकों का अधिक से अधिक पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करेंगे। जिसके प्रचार प्रसार के लिए विभिन्न माध्यमों का उपयोग किया जा सकता है।
2. कार्यक्रम के व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए मुख्य शिक्षा अधिकारी/जिला परियोजना अधिकारी, समग्र शिक्षा मीडिया मद से प्रचार प्रसार सामग्री यथा पोस्टर, फ्लैक्स एवं समाचार पत्रों के माध्यम से विज्ञापन प्रचारित– प्रसारित कर सकते हैं।
3. जनपद स्तर पर कार्यक्रम में अधिक से अधिक भागीदारी के लिए मीडिया प्लान भी तैयार किया जायेगा, जिसे राज्य स्तर पर साझा किया जायेगा।
4. समस्त विद्यालयों को निर्देशित करें कि वे अपने स्वयं के सोशल मीडिया हैंडल और #PPC2025 का उपयोग इस आयोजन के लिए एवं अपनी तैयारियों के साथ–साथ प्रचार–प्रसार करने के लिए करें।
5. विद्यालय अपने स्वयं के पोस्टर/रचनात्मक लेखन/वीडियो बना सकते हैं और तद्नुसार पोस्ट कर सकते हैं। इनमें से चयनित क्रिएटिव/वीडियो को MyGov.in पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

कृपया उक्तवत् दिशा–निर्देशों का अनिवार्यतः पालन करते हुए मा0 प्रधानमंत्री जी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम–2025 को सफल बनाने हेतु तत्काल आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

आइए हम अपने भावी राष्ट्र निर्माताओं के लिए सीखने–सीखाने को और अधिक आनंददायक बनाने के लिए हमारे माननीय प्रधान मंत्री की परिकल्पना के अनुसार परीक्षाओं के उत्सव, "परीक्षा पे चर्चा 2025" को उत्साह से मनाने में हाथ मिलाएं।

भवदीय

16.12.24

(डा0 मुकुल कुमार सती)
निदेशक
अकादमिक, शोध एवं प्रशिक्षण
उत्तराखण्ड

पृ0 सं /8734-47/ पी0पी0सी0–2025/2024–25 दिनांक दिनांक उक्तवत्।

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. सचिव, स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार।
2. सचिव, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड।
3. महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड।
4. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उत्तराखण्ड।
5. निदेशक माध्यमिक शिक्षा/प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून।
6. निदेशक संस्कृत शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून।

16.12.24

निदेशक
अकादमिक, शोध एवं प्रशिक्षण
उत्तराखण्ड

Scanned by CamScanner